प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एकता यात्रा में किया ऐलान।
2. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फरीदाबाद से संदिग्ध आतंकवादियों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में विस्फोटक की बरामदगी पर कहा– देश के दुश्मन सुरक्षा एजेंसियों से बच नहीं पायेंगे।
3. लोक नायक बिरसा मुंडा के सम्मान में प्रदेशभर में जनजातीय गौरव पखवाड़े का आयोजन : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया– 13 से 18 नवम्बर तक लखनऊ में होगा जनजातीय भागीदारी उत्सव। और
4. प्रदेश में सुबह और रात के तापमान में दर्ज की गई गिरावट : मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनां में आंशिक रूप से शीतलहर चलने का जताया अनुमान।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदे मातरम को राष्ट्र की आत्मा का स्वर बताते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्दों का समूह नहीं बल्कि हमारी आत्मा का स्वर है, इसका गायन प्रत्येक शिक्षण संस्थान, स्कूल में अनिवार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में लौह पुरुष

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और वंदे मातरम्म के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के लिए एकता यात्रा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल भारत के साहस, एकता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता सरदार पटेल के विचारों के केंद्र में थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, मत या मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता। बाइट..

*सरदार सम्मान के भाव के साथ आज हम सब यहां पर इस एकता यात्रा के साथ जुड़ रहे हैं। लोक पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के मुद्दे को लेकर के हमें चर्चा पर चर्चा का हिस्सा इसको बनाना चाहिए। वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए।अब यह केवल लोक पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के साथ ही राष्ट्र गीत वंदे मातरम भी उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय में घर शिक्षण संस्थान में इसका गायन अनिवार्य करवाएंगे जिससे उत्तर प्रदेश के अंदर हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सके।*

——————————

राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज विभिन्न जिलों में पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसके बाद सामूहिक गान किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं और अधिकारियों ने भाग लिया। इसी क्रम में सुल्तानपुर में विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह और जिलाधिकारी कुमार हर्ष की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं

फर्रुखाबाद में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्टेडियम से पद यात्रा का आयोजन किया गया।

——————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फरीदाबाद से 350 किलोग्राम संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने पर आज लखनऊ में कहा कि राष्ट्र के दुश्मन भारत में कहीं भी हो, उन्हें हमारी सुरक्षा एजेसिंया ढूंढ निकालती है। उन्होंने कहा कि देश नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है और जल्द ही आतंकवाद से भी मुक्त हो जायेगा। बाइट.....

*जो देश के दुश्मन कहीं पर भी किसी भी भेष में छुपते हैं लेकिन हमारी सुरक्षा एजेंसियां उनको खोज निकालती हैं और यह भी एक बड़ी सफलता है। मैं तो सुरक्षा एजेंसियों को बधाई देता हूं और देश के दुश्मनों को सावधान करता हूं। वह किसी भी भेष में आएंगे, किसी भी क्षेत्र में आएंगे। देश की जनता भी एक सैनिक की तरह हर समय सजग है और देश के सैनिक और देश के सुरक्षा एजेंसियां वह तो सजग हैं ही। बहुत बड़ी घटना को जो अंजाम देने वाले थे, उससे देश को बचाने का काम किया है। उनका अभिनंदन है।*

——————————

राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल आज सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के नौवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राज्यपाल ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा क्यू.एस.आई.–गेज की गोल्ड रैंकिंग प्राप्त करने पर कुलपति, प्राध्यापकों और छात्र–छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा

समाज में परिवर्तन का अग्रदूत बनकर राष्ट्र को नई दिशा दे सकता है।

——————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि समिति की आज अयोध्या में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम पर विस्तार स चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अयोध्या के राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे और प्रथम तल पर स्थापित भगवान श्रीराम के परिवार की प्रतिमाओं का दर्शन करेंगे। समिति के अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री मंदिर परिसर के सातों शिखरों पर ध्वज फहराएंगे। यह कार्यक्रम लगभग तीन घंटे का होगा। बाइट.....

*जिला प्रशासन राम विभाग के कार्यक्रमों के बारे में उन्हें पूरी जानकारी है और कार्यक्रम इस प्रकार से बनाया जाएगा और लगभग लगभग अंतिम किया जा चुका है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम लगभग 3 घंटे का हो और किसी प्रकार से जो राम विवाह के कार्यक्रम होते हैं जो अपराह्न में संभवत होंगे उन पर कोई बाधा नहीं है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लोकनायक बिरसा मुंडा के सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा और जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी आज लखनऊ में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री असीम अरुण ने एक संवाददाता सम्मेलन म दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 में लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था। इसी क्रम में 01 से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश के सभी जिलों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय विकास के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन 13 नवंबर से 18 नवंबर तक किया जायेगा। बाइट.....

*लखनऊ में जनजाति गौरव दिवस के पुनीत अवसर पर हम लोग 13 नवंबर से 18 नवंबर 2025 तक का कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव के रूप में छह दिवसीय कार्यक्रम यह आयोजित करने का काम करते जा रहे हैं। इसमें 15 नवंबर को इस कार्यक्रम में केशव श्री मुख्यमंत्री जी भी रहने वाले हैं और इसी का एक यह माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं बध जो जनजाति बाहुल्य जिला है तो हमलोगों का प्राकृतिक और*

*अन्य तीनों से बहुत ही महत्वपूर्ण जिला है, वहां के कार्यक्रम में श्री माननीय मुख्यमंत्री जी 15 तारीख को रहने वाले हैं।*

——————————

**नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज की कड़ी में जानकारी अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को मिलने वाले बढ़ावे पर।.........**

*नई जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने स्टेशनरी उत्पादों पर महत्वपूर्ण राहत दी है। जिससे देशभर के छात्रों और खुदरा विक्रेताओं को लाभ हुआ है। पेंसिल, रबर, शार्पनर, क्रेन, नोटबुक, ग्राफ बुक और मानचित्र जैसी स्टेशनरी वस्तुओं पर कर की दर पहले के 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है। इसी प्रकार रबर पर जीएसटी की दरों को पहले के पांच प्रतिशत से घटाकर कर मुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा ज्योमेट्री, बॉक्स, कलर बॉक्स और पाउच जैसी वस्तुओं पर जिन पर पहले 12 प्रतिशत कर लगता था अब 5 प्रतिशत जीएसटी कर दिया गया है। इस क्षेत्र में घर में कटौती से छात्रों पर वित्तीय भोज काम हो रहा है और बाजार में इन पदों की खुदरा बिक्री को बढ़ावा मिल रहा है। नए जीएसटी सुधार शिक्षा तक पहुंच कर किफायती बना रहे हैं। माध्यमिक विद्यालय में नामांकन को प्रोत्साहित कर रहे हैं और साथ ही घरेलू स्टेशनरी निर्माण की मांग को भी बढ़ावा दे रहे हैं। दृष्टि पुन्यानी, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने आज बस्ती में व्यापारी सम्मेलन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र**

और प्रदेश सरकार लगातार व्यापार संतुलन और स्थानीय उद्योगों के सशक्तिकरण के लिये कार्य कर रही है।

——————————

पिछले कुछ दिनों के दौरान प्रदेश में दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आगामी 1 सप्ताह के दौरान रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सिस नीचे बने रहने और कहों–कहीं 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चले जाने की संभावना व्यक्त की है। इसके चलते आने वाले 2 से 3 दिनों के दौरान देर रात और सुबह आंशिक रूप से शीतलहर का अनुमान जताया गया है। इस दौरान प्रदेश में दिन का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1 से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे बने रहने की संभावना है।

(समाप्त)